# प्रेस नोट

## जनपद सीतापुर

## परिवार परामर्श केन्द्र में 03 जोड़े आपसी मतभेद को छोड़कर एक साथ रहने को हुए राजी

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री आर.पी.सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा0 राजीव दीक्षित के पर्यवेक्षण में दिनांक 14.08.2021 को परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन सीतापुर में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणो को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान 03 जोड़े 1.श्रीमती तान्या दीक्षित पत्नी श्री मुकेश दीक्षित निवासी उत्तर वार्ड कस्बा व थाना नैमिषारण्य सीतापुर 2.श्रीमती पूनम पत्नी श्री संदीप निवासी ग्राम कैमहरा थाना तालगांव सीतापुर 3.श्रीमती माधुरी पत्नी श्री धर्मेन्द्र निवासी ग्राम भगावानपुर थाना कोतवाली देहात सीतापुर आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा 03 लोगों की विदाई कराई गई। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उ0नि0 श्रीमती मधु यादव, काउंसलर श्रीमती रेखा द्विवेदी, श्रीमती नीतू यादव, श्रीमती मांडवी मिश्रा, महिला आरक्षी कांति, मंजीता, विनीता व पूजा आदि मौजूद रहे।